आवधिक पाठ्यक्रम

सत्र 2019–2020

कक्षा 6 (निष्ठा वर्ग)

विषय: सामाजिक विज्ञान

आवधिक I

अप्रैल 2019 से सितम्बर 2019

| विषय | विषयवस्तु | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
|---|---|---|---|
| सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I | पाठ– 1<br>विविधता की समझ<br><br>लोगों का अनेक मामलों जैसे धर्म, रुप–रंग, लिंग, रहन–सहन, क्षेत्र, खान–पान, भाषा आदि के रुप में भिन्न होना। विविधता हमारे जीवन को कैसे समृद्ध करती है?<br>भारत में विविधता, हम विविधता को कैसे समझें? भारत के संदर्भ में विविधता में एकता। | • अपने पसंद के त्यौहार, खान–पान तथा खास अवसर पर किए जानें धार्मिक क्रिया–कलापों की सूची बनाइए।<br>• अपने साथी को जानें–अपने साथी सें उसकी मनपसंद चीजें पूछें जैसे – रंग, भोजन, फल, त्यौहार इत्यादि। इनकी तुलना अपनी मनपसंद की चीजों से करें।फिर कक्षा में चर्चा करें तथा विविधता को समझें।<br>• विद्यार्थियों को समूह में बाँटकर कुछ राज्यों के खान–पान, पहनावा, भाषा, त्यौहार इत्यादि के बारे में कोलॉज का निर्माण एवं अनेकता में एकता पर चर्चा। | • अपने आस–पास की मानवीय विविधताओं के विभिन्न रुपों को समझना और उसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना।<br>• विविधता के बावजूद हमारे देश में अनेकता में एकता के प्रति समझ विकसित करना। |
| पृथ्वीः हमारा आवास | पाठ– 1<br>सौरमंडल में पृथ्वी<br>चंद्रमा के आकार के आधार पर पूर्णिमा तथा अमावस्या, खगोलीय पिण्ड, तारा, नक्षत्रमण्डल, ध्रुव तारा, ग्रह, सौरमण्डल, प्रकाश की गति, प्राकृतिक एवं मानव निर्मित उपग्रह, क्षुद्रग्रह, उल्कापिण्ड, आकाशगंगा, ब्रह्मांड। | • पृष्ठ संख्या 08 और 09 पर दिए गए खेलों को कक्षा – कक्ष में खिलवाएँ।<br>• विद्यार्थियों द्वारा सौरमण्डल के ग्रहों की स्थिति बताते हुए पृथ्वी के घूर्णन व परिक्रमण का अभिनय।<br>• कुछ ग्रहों और उपग्रहों की सूची बनाना। | • सौरमण्डल की अवधारणा को समझ सकेंगें।तारों,ग्रहों,उपग्रहों जैसे सूर्य, पृथ्वी तथा चंद्रमा में अंतर कर पाना। |
| हमारे अतीत । | अध्याय–1<br>क्या, कब, कहाँ और कैसे?<br>पाठ्य पुस्तक की प्रस्तावना–क्यों पढें हम इतिहास ?अतीत के बारे में हम क्या जान सकते हैं? लोग कहाँ रहते थे? आज लोग यात्राएँ क्यों करते हैं?अतीत के बारे में कैसे जानें?अतीत एक या अनेक?तिथियों का मतलब, मानचित्र कार्य। | • एक पुरातत्वविद के साथ छद्म साक्षात्कार –छोटे समूह में,दो एसे प्रश्न जिसे आप पुरातत्वविद से पूछना चाहते हैं,को तैयार करें एवं चर्चा करें। | • इस बात को समझ पाना कि हमें अपने अतीत को पढ़ने की जरुरत क्यों है? जिसने हमारे वर्तमान को आकार दिया है।<br>• यह समझ पाना कि इतिहासकार विभिन्न स्रोतों के द्वारा अतीत के बारे में कैसे जानते हैं?<br>• विभिन्न प्रकार के स्रोतों जैसे– पुरातात्विक, साहित्यिक आदि को तथा इतिहास की समझ विकसित करने में इनकी भूमिका को समझ सकेंगें। |

प्रथम आवधिक परीक्षा 2019 के लिए मानचित्र सहित पुनरावृत्ति

| आवधिक **II** (**अक्टूबर 2019 से मार्च 2020**) | | | |
|---|---|---|---|
| विषय | विषयवस्तु | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
| सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I | पाठ– 2<br>विविधता एवं भेदभाव<br>पूर्वाग्रह, लड़के और लड़की में भेदभाव, रुढ़िवादी धारणाएँ बनाना, असमानता एवं भेदभाव, भेदभाव का सामना करने पर, समानता के लिए संघर्ष। | • अपने आस–पास होने वाली भेदभावपूर्ण घटनाओं की सूची तैयार करना।<br>• अपने आस–पास की तीन रुढ़िबद्व धारणाओं की सूची बनाएँ। क्या इस तरह की धारणाएँ रखना सही है?<br>• अखबार में छपी भेदभाव से संबंधित तीन खबरों पर कक्षा में चर्चा करें। | • समाज में विविधता के महत्व को समझ सकेंगें और समाज में होने वाले भेदभावों की पहचान कर सकेंगें।<br>• विभिन्न प्रकार के भेदभावों को समझना तथा उनकी प्रकृति एवं स्रोत को समझना।<br>• विविधता के बावजूद देश में एकता की भावना की प्रशंसा कर सकेंगें। |
| सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I | पाठ– 7<br>नगर का प्रशासन<br>नगर एवं गाँव प्रशासन की तुलना, नगर निगम तथा महानगरपालिका और उनके प्रमुख कार्य, निगम पार्षद एवं प्रशासनिक कर्मचारी, नगर निगम को पैसा कहाँ से आता है?<br>जनता द्वारा विरोध के कारण व तरीके | • निगम पार्षद की भूमिका मे शिक्षकः शिक्षक स्वयं इस भूमिका में रहें और बच्चों सें निगम– पार्षद के कार्यों एवं भूमिका से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहें एवं चर्चा करें।<br>• दिल्ली नगर निगम के विभिन्न कार्यों की सूची बनायें। | • नगर प्रशासन के विभिन्न आयामों को समझ सकेंगें।<br>• स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नगर स्थानीय स्वशासन के अंगों के कार्यों को समझ पाऐंगें। |
| पृथ्वीः हमारा आवास | पाठ– 2<br>ग्लोबः अक्षांश एवं देशांतर<br>ग्लोब तथा ग्लोब पर बनी विभिन्न काल्पनिक रेखाओं की जानकारी, महत्वपूर्ण अक्षांशों को बताना, पृथ्वी के विभिन्न ताप कटिबंध, देशांतर रेखाओं की जानकारी, प्रमुख याम्योत्तर, देशांतर एवं समय, मानक समय का निर्धारण। हम मानक समय क्यों मानतें है? | • ग्लोब पर अक्षांश व देशांतर की खोज।<br>• पृष्ठ – 17 पर दिए गए खेल को खिलाएँ।<br>• दो स्थानोंके बीच देशांतरों के आधार पर समय की गणना करना। | • ग्लोब पर किसी स्थान की सटीक स्थिति का पता लगा पाना।अक्षांश और देशांतर के आधार पर तथा उस स्थान के समय को जान पाऐंगें। |
| पृथ्वीः हमारा आवास | पाठ–3<br>पृथ्वी की गतियाँ<br>पृथ्वी की दैनिक एवं वार्षिक गतियों की जानकारी, दिन–रात तथा ऋतुओं का बनना, लीप वर्ष, उत्तर अयनांत, दक्षिण अयनांत,विषुव। | • पृथ्वी के अक्षीय झुकाव का चित्र बनाइए।<br>• पृथवी की घूर्णन एवं परिक्रमण गतियों का रोल–प्ले।<br>• पृथ्वी की गति समझाने के लिए चित्रों, मॉडल तथा दृश्य–श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग। | • दिन–रात तथा ऋतुओं की समझ विकसित होना घूर्णन एवं परिक्रमण की अवधारणा को अच्छे से समझ पाना। |
| पृथ्वी हमारा आवास | पाठ– 4<br>मानचित्र | • निम्नलिखित रेखा मानचित्र का निर्माण करें। | • मानचित्र एवं इसके विभिन्न घटकों जैसे प्रतीको, दिशाएँ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | मानचित्र एवं मानचित्र के प्रकार, मानचित्र के घटक, प्रतीक,रेखाचित्र, खाका, प्रधान दिगबिंदु। | अपने घर से बाजार तक<br>अपनें घर से विद्यालय तक | एवं स्थानों की दूरी का प्रयोग कर सकेंगें। |
| हमारे अतीत । | <u>पाठ–2</u><br><u>"आखेटक खाद्य संग्राहक से भोजन उत्पादन तक"</u><br>आरम्भिक मानवइधर–उधर क्यों घूमते थे।<br>आरम्भिक मानव के विषय में जानकारी कैसे मिलती है?<br>पत्थर के औजार, रहने की जगह निर्धारित करना, आग की खोज, बदलती जलवायु, शैल चित्रकलाः खेती और पशुपालन की शुरुआत, एक नवीन जीवन शैली, जानवरः चलते–फिरते खाद्य भण्डार, आरंभिक कृषक एवं पशुपालक, स्थायी जीवन की ओर,<br>निरीक्षण (मेहरगढ़ में जीवन मृत्यु) मानचित्र कार्य | • विभिन्न काल में पत्थर के औजारों के चित्र एकत्रित करना और इनके प्रमुख उपयोगों की सूची बनाना।<br>• एक काल के औजार दूसरे काल से अलग क्यों है – इसकी समूह में चर्चा।<br>• भोजन के अतिरिक्त जानवरों से प्राप्त होनें वाली वस्तुओं की सूची बनाओं। मानव द्वारा खाये जाने वाले अनाजों की सूची तैयार करें। | • यह समझ पाऐंगें कि महत्वपूर्ण विकास जैसे आग की खोज, अनाज की खेती, औजार, पात्र आदि से इतिहास को दिशा मिली या मानव जीवन प्रभावित हुआ।<br>• इस बात को समझ पाना की मानव आखेटक से खाद्य संग्राहक कैसे बना? |
| हमारे अतीत । | <u>पाठ–7</u><br><u>अशोकः एक अनोखा सम्राट जिसने युद्व का त्याग किया।</u><br>मौर्य साम्राज्य तथा उसका विस्तार, साम्राज्य का प्रशासन, अशोक–एक अनोखा सम्राट, कलिंग का युद्व, अशोक का धम्म, अशोक का युद्व त्याग, अशोक के अभिलेख।<br>भाषा और लिपि, मानचित्र कार्यः अशोक के अभिलेखों से संबंधित स्थल, प्रमुख शहर | • अगर आप शासक होते तो आने वाली पीढियों के लिए क्या संदेश लिखते।कोलॉज पर अपने संदेश लिखें तथा कक्षा में दिखाएँ।<br>• भारत के रेखा मानचित्र पर मौर्यं साम्राज्य के प्रमुख नगरों तथा जहाँ सम्राट अशोक के अभिलेख पाएँ गए है उन्हें दिखाइए। | • मौर्य साम्राज्य के महत्वपूर्ण योगदानों जैसे– कला, स्थापत्य कला, प्रशासन, धर्म, विदेश नीति इत्यादि को समझ पाऐंगें। |

**नोटः केवल उपरोक्त वर्णित पाठों का वार्षिक परीक्षा में मूल्याकंन किया जाएगा शेष पाठों को केवल अधिगम समृद्दि हेतु पढ़ाया जाए।**

- पाठगत मानचित्रों का नियमित अभ्यास करें।
- पारिभाषिक शब्दावली को पाठ के आरम्भ में लिखें।
- समाचार पत्र एवं संदर्भग्रंथों कों विद्यालय पुस्तकालय सें लेकर पढ़ें।
- यदि संभव हो तो, टी.वी एवं रेडियो पर नियमित रूप सें समाचारों को सुनें।
- यदि संभव हो तो, पाठ्यपुस्तक के अंत में दिए गए संदर्भ लिंकों को इंटरनेट पर खोजें।
- मानचित्र, चित्रों एवं बॉक्स में दी गई सूचना कों ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- अध्यापकों के लिए दी गई प्रस्तावना एवं सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- पाठ्यपुस्तक के अंत में दिए गए संदर्भ लिंकों को इंटरनेट पर खोजें।
- समस्त पाठ्यक्रम को जनवरी माह तक पूर्ण करवाए।
- पाठ्यक्रम में दिए गए क्रियाकलाप केवल सुझावात्मक हैं, अध्यापक अन्य क्रियाकलाप भी करवा सकते हैं।